प्रेस नोट दिनांक 17.05.2026
थाना देवरनियां, जनपद बरेली।

थाना देवरनिया #BareillyPolice एवं ANTF यूनिट बरेली द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को 13 किलोग्राम अवैध अफीम (अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 65 लाख रुपये) सहित गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-

दिनांक 16.05.2026 को ANTF यूनिट बरेली एवं थाना देवरनिया पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए झारखंड निवासी दो तस्करों को समय करीब 21:24 बजे नैनीताल हाईवे स्थित बिचपुरी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से क्रमशः 07 किग्रा एवं 06 किग्रा, कुल 13 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना देवरनिया पर मु0अ0सं0 187/26 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है।

पुलिस कार्यवाही का संक्षिप्त विवरणः-

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16-05-2026 को ANTF यूनिट बरेली एंव थाना देवरनिया पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तगण 1. विशाल कुमार पुत्र विजय रजक निवासी ग्राम बरिसाखी थाना गिद्धौर जिला चतरा राज्य झारखंड व 2. अजय कुमार पुत्र सुरेंद्र रविदास निवासी ग्राम तेतरिया थाना पत्थलगड़ा जिला चतरा राज्य झारखंड को समय करीब 21.24 बजे नैनीताल हाईवे बिचपुरी के पास से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से क्रमशः 7 कि0ग्रा0 व 6 कि0ग्रा0 कुल 13 कि0ग्रा0 अवैध अफीम बरामद हुई जिसके संबंध में थाना देवरनिया जनपद बरेली पर मु0अ0स0 187/26 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त –

1. विशाल कुमार पुत्र विजय रजक निवासी ग्राम बरिसाखी थाना गिद्धौर जिला चतरा, झारखंड
2. अजय कुमार पुत्र सुरेंद्र रविदास निवासी ग्राम तेतरिया थाना पत्थलगड़ा जिला चतरा, झारखंड

घटना के संबंध में पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 187/26 धारा 8/18 NDPS ACT थाना देवरनिया जनपद बरेली।

पूछताछः-

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वे झारखंड से अफीम लाकर उत्तराखंड में सप्लाई करने का कार्य करते थे तथा पहले भी कई बार तस्करी कर चुके हैं।

बरामदगीः–

- 13 किलोग्राम अवैध अफीम
- 02 मोबाइल फोन

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –

1. थाना प्रभारी श्री आशुतोष द्विवेदी, थाना देवरनिया जनपद बरेली।
2. उ0नि0 श्री विकास यादव मय टीम, ANTF यूनिट बरेली।
3. उ0नि0 पुष्पेन्द्र शर्मा, थाना देवरनिया जनपद बरेली।
4. कां0 313 शिवम कुमार, थाना देवरनिया जनपद बरेली।